ज़िलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 06.03.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी के साथ सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि जनपद में कुल 143 योजनायें ऐसी है जिनके ओवर हेड टैंक की प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के बीच है। माह फरवरी, 2026 की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया था कि अधिक से अधिक योजनाओं के ओवरहेड टैंक का कार्य कराते हुए 91 प्रतिशत से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जाया जाये। जिसके अनुक्रम में मात्र तीन योजनायें 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जायी गयी है। जिसकी प्रगति बहुत ही कम है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि अवशेष 140 योजनाओं को 91 से 99 प्रतिशत की श्रेणी में लाना सुनिश्चित करें।

   (कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

2. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई0जी0आर0एस0 का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि माह फरवरी 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर जल निगम (ग्रामीण) से संबंधित कुल 1294 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 585 शिकायतें पाइप लाइन में लीकेज से संबंधित पाई गईं। जबकि प्रतिमाह आयोजित समीक्षा बैठकों में यह निर्देशित किया जाता रहा है कि दर्ज शिकायतों की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए। तथापि, उपलब्ध आंकड़ों से यह प्रतीत होता है कि जनपद की कार्यदायी संस्था द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि वे अपने अधीनस्थ क्लस्टर इंचार्जों को निर्देशित करें कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत पंजिका तैयार की जाए तथा उसमें प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों को नियमित रूप से दर्ज किया जाए और उनका त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में उपस्थित जल निगम (ग्रामीण) के अवर अभियंता को भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में जिस भी अवर अभियंता के कार्यक्षेत्र से अत्यधिक संख्या में शिकायतें प्राप्त होंगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

   (कार्यवाही– अवर अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) व परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. गत माह जनवरी 2026 में माननीय मंत्री श्री नितिन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें माननीय मंत्री जी द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा अपने विधान सभा क्षेत्र में आने वाले ग्रामों में परियोजना के कार्य पूर्ण करने, जलापूर्ति, सड़क पुर्नस्थापना से सम्बन्धित सूची उपलब्ध करायी गयी। मा0 मंत्री जी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के ग्रामों में उक्त कार्यों की अद्यतन स्थिति के बारे में सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से जानकारी चांही गयी जो अपूर्ण थी।

माननीय मंत्री जी द्वारा गत माह में उपलब्ध कराये गये विवरण की अद्यतन आख्या 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी तथा जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू. को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) व जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)

4. जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी तथा जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू. को निर्देशित किया गया कि निम्नलिखित बिंदुओं के संबंध में कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड एवं जल निगम (ग्रामीण) के अवर अभियंताओं से समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा प्रति माह कम से कम दो बार प्रगति आख्या से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें–

- जनपद में सड़क व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों की प्रगति।
- नल–जल मित्रों की नियुक्ति की स्थिति।
- आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण।
- Zero Poverty संबंधी सूचना।
- माननीय मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) व जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)

Digitally signed by
Navneet Singh
Date: 13-03-2026
20:37:13

(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 15-03-2026
22:14:35

जिलाधिकारी,
हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।

पत्रांक 1412 / मा-10 / 472 दिनांकः 16/3/26

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

16/03/2026

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।